Magazine Test
Date : 15 December, 2024

# मैगज़ीन टेस्ट के उत्तर
# *(Magazine Test Answer Key)*

| Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer | Q. No. | Answer |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (a) | 26. | (c) | 51. | (b) | 76. | (b) |
| 2. | (c) | 27. | (a) | 52. | (d) | 77. | (a) |
| 3. | (a) | 28. | (b) | 53. | (b) | 78. | (c) |
| 4. | (d) | 29. | (a) | 54. | (b) | 79. | (b) |
| 5. | (c) | 30. | (d) | 55. | (d) | 80. | (d) |
| 6. | (b) | 31. | (a) | 56. | (b) | 81. | (d) |
| 7. | (d) | 32. | (b) | 57. | (b) | 82. | (a) |
| 8. | (b) | 33. | (b) | 58. | (b) | 83. | (b) |
| 9. | (d) | 34. | (b) | 59. | (d) | 84. | (d) |
| 10. | (a) | 35. | (b) | 60. | (d) | 85. | (a) |
| 11. | (d) | 36. | (c) | 61. | (b) | 86. | (c) |
| 12. | (c) | 37. | (a) | 62. | (a) | 87. | (d) |
| 13. | (c) | 38. | (d) | 63. | (c) | 88. | (b) |
| 14. | (c) | 39. | (d) | 64. | (a) | 89. | (b) |
| 15. | (a) | 40. | (c) | 65. | (d) | 90. | (d) |
| 16. | (c) | 41. | (c) | 66. | (d) | 91. | (d) |
| 17. | (d) | 42. | (b) | 67. | (b) | 92. | (a) |
| 18. | (c) | 43. | (b) | 68. | (c) | 93. | (a) |
| 19. | (b) | 44. | (a) | 69. | (c) | 94. | (b) |
| 20. | (d) | 45. | (c) | 70. | (c) | 95. | (a) |
| 21. | (c) | 46. | (b) | 71. | (b) | 96. | (b) |
| 22. | (a) | 47. | (a) | 72. | (b) | 97. | (d) |
| 23. | (d) | 48. | (a) | 73. | (a) | 98. | (b) |
| 24. | (d) | 49. | (c) | 74. | (b) | 99. | (d) |
| 25. | (a) | 50. | (a) | 75. | (d) | 100. | (b) |


641, प्रथम तल, मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009 | 21, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली | 13/15, ताशकंद मार्ग, निकट पत्रिका चौराहा, सिविल लाइन्स, प्रयागराज | प्लॉट नंबर-45 व 45-A हर्ष टावर-2, मेन टोंक रोड, वसुंधरा कॉलोनी, जयपुर | 47/CC, बर्लिंगटन आर्केड मॉल, विधानसभा मार्ग, लखनऊ | 12, मेन ए.बी. रोड, भँवर कुआँ, इंदौर, मध्य प्रदेश
**Phone:** 8750187501 :: www.drishtiIAS.com

*Copyright – Drishti The Vision Foundation*

# उत्तर व्याख्यासहित

## करेंट अफेयर्स टुडे

**1. (a)**

**व्याख्या:** सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियम, 2023 में केंद्र सरकार को सोशल मीडिया पर फर्जी, झूठी और भ्रामक सूचनाओं की पहचान करने के लिये एक फैक्ट चेक यूनिट (FCU) स्थापित करने का अधिकार दिया गया है, जैसा कि कथन-I में बताया गया है। इसके तहत, भारत सरकार से संबंधित फेक न्यूज़ का प्रसार रोकने और समाधान हेतु यह एक आधिकारिक निकाय है, जिससे कथन-III सही है।

- साथ ही, संशोधित नियमों में 'फेक न्यूज़' की परिभाषा अस्पष्ट है, क्योंकि इसमें स्पष्ट मानदंड या परिभाषित प्रक्रिया का उल्लेख नहीं है, जिससे कथन-II भी सही है।
- दोनों कथन-II और III, कथन-I की व्याख्या करते हैं, क्योंकि ये नियम की व्यावहारिक सीमाओं एवं उद्देश्य को परिलक्षित करते हैं। इस प्रकार, **सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**2. (c)**

**व्याख्या:** कथन-I सही है क्योंकि नागरिकता अधिनियम, 1955 की धारा 6A को संविधान के तहत असम समझौते (1985) के परिणामस्वरूप शामिल किया गया था और इसे सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वैधानिकता प्राप्त है।

- कथन-II सही नहीं है, क्योंकि धारा 6A मुख्य रूप से वर्ष 1971 के पहले और बाद में असम में आए बांग्लादेशी प्रवासियों के लिये नागरिकता प्रदान करने से संबंधित है। यह म्यांँमार से आए प्रवासियों पर लागू नहीं होती।
- इसलिये, कथन-I सही है, किंतु कथन-II सही नहीं है। **इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**3. (a)**

**व्याख्या:** सर्वोच्च न्यायालय ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 498A को महिलाओं के उत्पीड़न और दहेज़ उत्पीड़न के मामलों में एक महत्त्वपूर्ण प्रावधान माना है, लेकिन इसे सबसे अधिक दुरुपयोग होने वाले कानूनों में भी बताया है, **जिससे कथन 1 सही है।**

- हालाँकि धारा 498A गैर-ज़मानती और संज्ञेय अपराध है, **इसलिये कथन 2 सही नहीं है।**
- यह प्रावधान महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिये है, लेकिन इसके दुरुपयोग को लेकर समय-समय पर न्यायपालिका ने दिशा-निर्देश दिये हैं।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**4. (d)**

**व्याख्या:** उपरोक्त सभी चारों संगठन बच्चों के कल्याण के लिये कार्यरत हैं:

- **बचपन बचाओ आंदोलन:** बाल मज़दूरी, बाल तस्करी और बाल शोषण के खिलाफ काम करता है।
- **CRY (चाइल्ड राइट्स एंड यू):** बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने हेतु कार्यरत है।
- **प्रथम:** शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये काम करता है।
- **नन्ही कली:** यह कक्षा 1 से 10 तक की वंचित वर्ग की लड़कियों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करता है।

इन सभी का उद्देश्य बच्चों के समग्र विकास और अधिकारों की रक्षा करना है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**5. (c)**

**व्याख्या:** उपरोक्त युग्मों का विश्लेषण इस प्रकार है:

- **अनुच्छेद 21A:** 6-14 वर्ष के बच्चों के लिये नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा का अधिकार प्रदान करता है। **अतः यह युग्म सही सुमेलित है।**
- **अनुच्छेद 39(f):** सम्मान के साथ विकास का अधिकार तथा शोषण और नैतिक एवं भौतिक परित्याग से बचपन व युवावस्था की गारंटीकृत सुरक्षा को उल्लेखित करता है।

हालाँकि स्वास्थ्य का अधिकार या आर्थिक आवश्यकता से दुर्व्यवहार से मुक्ति का उल्लेख **अनुच्छेद-39(E)** में है। अतः दिये गए प्रश्न के अनुसार **यह युग्म सुमेलित नहीं है।**

- **अनुच्छेद 47:** यह राज्य को पोषण, जीवन स्तर और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुधारने के लिये निर्देश देता है। **अतः यह युग्म सही सुमेलित है।**
- **अनुच्छेद 51A(k):** यह अभिभावकों का कर्त्तव्य निर्धारित करता है कि वे अपने 6-14 वर्ष के बच्चों को शिक्षा का अवसर प्रदान करें। **अतः यह युग्म सही सुमेलित है।**

इस प्रकार, तीन युग्म सही सुमेलित हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**6. (b)**

**व्याख्या:** गोलकनाथ बनाम पंजाब राज्य मामले (1967) में, सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्णय दिया कि संसद को संविधान के मूल अधिकारों (भाग-III) में कमी करने का अधिकार नहीं है तथा सभी संशोधन न्यायिक समीक्षा के अधीन हैं। **इस प्रकार, पहला कथन सही नहीं है।**

- केशवानंद भारती बनाम केरल राज्य मामले (1973) में, सुप्रीम कोर्ट ने 'मूल ढाँचा सिद्धांत' स्थापित किया, जिसमें कहा गया कि संसद को संविधान संशोधन का अधिकार है, लेकिन वह संविधान के मूल ढाँचे (Basic Structure) को प्रभावित नहीं कर सकती। यह सिद्धांत भारतीय संविधान की सर्वोच्चता और संतुलन बनाए रखने के लिये महत्त्वपूर्ण है। **इस प्रकार, दूसरा कथन सही है।**

**अतः विकल्प (b) सही उत्तर है।**

**7. (d)**

**व्याख्या:** 'मेक इन इंडिया' पहल का उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना है। इसके अंतर्गत:

- पहला कथन सही है, क्योंकि इस पहल का लक्ष्य विनिर्माण क्षेत्र की वार्षिक संवृद्धि दर को 12-14% तक बढ़ाना और जीडीपी में इसका योगदान बढ़ाना है।
- दूसरा कथन भी सही है, क्योंकि 'पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान' बुनियादी ढाँचे के विकास और लॉजिस्टिक्स को सुदृढ़ कर 'मेक इन इंडिया' पहल को सक्षम बनाता है।
- तीसरा कथन भी सही है, क्योंकि 'वंदे भारत' रेलगाड़ी, स्वदेशी तकनीक से निर्मित भारत की पहली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन है, जो इस पहल का प्रमुख उदाहरण है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**8. (b)**

**व्याख्या:** फ्लोरीकल्चर (फूलों की खेती) में ग्रीन हाउस का उपयोग नियंत्रित पर्यावरण में उच्च गुणवत्ता और अधिक उत्पादन सुनिश्चित करने के लिये किया जाता है।

- गेरबेरा और कारनेशन जैसी फसलें ग्रीन हाउस में उगाई जाती हैं, क्योंकि ये विशेष तापमान और नमी की मांग करती हैं।
- ट्यूबरोज़, लिली मैरीगोल्ड, एस्टर, गुलाब, गुलदाउदी, गैलार्डिया जैसी फसलें आमतौर पर खुले में उगाई जाती हैं और इन्हें ग्रीन हाउस की आवश्यकता नहीं होती।

इसलिये, उपरोक्त में से केवल दो फसलें (गेरबेरा और कारनेशन) ग्रीन हाउस में उगाई जाती हैं।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**9. (d)**

**व्याख्या:** अमेरिकी कृषि विभाग (USDA) के अनुसार, वर्ष 2023-24 में ब्राज़ील विश्व का शीर्ष चीनी उत्पादक रहा। ब्राज़ील की उन्नत कृषि तकनीक, जलवायु अनुकूलता और गन्ना उत्पादन में व्यापक निवेश इसे चीनी उत्पादन में अग्रणी बनाते हैं।

- भारत, हालाँकि चीनी उत्पादन में दूसरा स्थान रखता है, लेकिन ब्राज़ील की उच्च उत्पादकता और निर्यात क्षमता उसे पीछे छोड़ देती है। ब्राज़ील की चीनी उत्पादन नीति का वैश्विक बाज़ार एवं जैव-ईंधन (इथेनॉल) उद्योग पर भी बड़ा प्रभाव है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**10. (a)**

**व्याख्या:** प्रस्तावित 'क्रूज इंडिया मिशन' का उद्देश्य भारत में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देना और पोत अवसंरचना को संवर्द्धित करना है। यह तटीय क्षेत्रों में रोज़गार और निवेश को प्रोत्साहित करेगा। **इसलिये पहला कथन सही है।**

- मझगाँव डॉक लिमिटेड, हालाँकि एक प्रमुख पोत निर्माता है, जो भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के लिये युद्धपोतों के निर्माण के लिये जाना जाता है, लेकिन यह भारत का सबसे बड़ा पोत निर्माता नहीं है। वस्तुतः कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड भारत का सबसे बड़ा पोत निर्माता है। **इसलिये दूसरा कथन सही नहीं है।**

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**11. (d)**

**व्याख्या:** भारत में शास्त्रीय भाषा की मान्यता उन भाषाओं को दी जाती है जिनका साहित्यिक और सांस्कृतिक महत्त्व प्राचीन काल से है।

- मलयालम को वर्ष 2013 में शास्त्रीय भाषा घोषित किया गया।
- बंगाली, प्राकृत, पाली, मराठी और असमिया भाषाओं को वर्ष 2024 में शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया गया है।
- तमिल (2004), तेलुगू (2008), कन्नड़ (2008), संस्कृत (2005) तथा ओडिया (2014) को भी शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया जा चुका है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

उपरोक्त चारों युग्मों को सही रूप से सुमेलित किया गया है। यह कदम भाषायी विविधता के संरक्षण और भारत की सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिये महत्त्वपूर्ण है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**12. (c)**

**व्याख्या:** शास्त्रीय भाषाओं का दर्जा भारत में प्राचीन भाषायी धरोहर के संरक्षण के लिये महत्त्वपूर्ण है।

- पहला कथन सही है, क्योंकि संस्कृति मंत्रालय द्वारा वर्ष 2004 में, भाषा विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था, ताकि भाषाओं को शास्त्रीय स्थिति प्रदान करने के मानदंड निर्धारित किये जा सकें।
- दूसरा कथन भी सही है, क्योंकि शास्त्रीय भाषाओं को भविष्य की पीढ़ियों के लिये प्राचीन साहित्यिक और सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा के उद्देश्य से मान्यता दी जाती है। यह भाषाओं की ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को संरक्षित करता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**13. (c)**

**व्याख्या:** भारत और फ्राँस के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मज़बूत करने के उद्देश्य से आयोजित किये जाते हैं।

- **अभ्यास शक्ति:** भारत-फ्राँस के बीच आयोजित द्विपक्षीय सेना अभ्यास है।
- **अभ्यास वरुण:** दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच आयोजित संयुक्त नौसैनिक अभ्यास है।
- **अभ्यास गरुड़:** भारत-फ्राँस की वायु सेनाओं के बीच आयोजित संयुक्त वायु अभ्यास है।

ये तीनों अभ्यास भारत और फ्राँस के बीच होते हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**14. (c)**

**व्याख्या: तमिलों के लिये 13वें संशोधन का समर्थन:** भारत ने श्रीलंका में तमिल अल्पसंख्यकों के लिये 13वें संविधान संशोधन के पूर्ण कार्यान्वयन और एक समावेशी राजनीतिक समाधान की आवश्यकता पर ज़ोर दिया है। यह भारत-श्रीलंका संबंधों का एक संवेदनशील मुद्दा है।

- **हाइब्रिड विद्युत परियोजना:** वर्ष 2022 (न कि वर्ष 2024 में) में भारत ने उत्तरी श्रीलंका में हाइब्रिड विद्युत् परियोजना स्थापित करने पर सहमति व्यक्त की है, साथ ही कांकेसंथुराई और त्रिंकोमाली बंदरगाहों पर विकास योजनाएँ आरंभ की हैं। **इसलिये दूसरा कथन सही नहीं है।**
- **मुक्त व्यापार समझौता:** भारत और श्रीलंका के बीच वर्ष 1998 से मुक्त व्यापार समझौता (FTA) लागू है। यह द्विपक्षीय व्यापार को प्रोत्साहित करता है।
- **सैन्य अभ्यास:** भारत और श्रीलंका 'मित्र शक्ति' (थल सेना) और 'SLINEX' (नौसेना) जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यास नियमित रूप से आयोजित करते हैं।

**इस प्रकार, सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**15. (a)**

**व्याख्या:** भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (IMEC) का उद्देश्य एक बहुराष्ट्रीय कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट है, जो भारत, मध्य पूर्व और यूरोप को रेल, बंदरगाह और ऊर्जा नेटवर्क के माध्यम से जोड़ने के लिये डिज़ाइन किया गया है। इसका एक प्रमुख लक्ष्य स्वेज़ नहर पर निर्भरता कम करना है, जो वर्तमान में एशिया-यूरोप व्यापार के लिये एक मुख्य मार्ग है।

- दूसरी ओर, भारत एशिया में इज़रायल का दूसरा (न कि पहला) सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। वस्तुतः चीन, इज़रायल का सबसे बड़ा एशियाई व्यापारिक साझेदार है और उसने सूखे तथा पानी की कमी से निपटने के लिये सौर ऊर्जा, विनिर्माण रोबोटिक्स, सिंचाई, निर्माण, कृषि एवं जल प्रबंधन व विलवणीकरण प्रौद्योगिकियों में इज़रायल की विशेषज्ञता मांगी है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**16. (c)**

**व्याख्या: भारत-मालदीव संबंध के संदर्भ में:**

- भारत ने मालदीव को आर्थिक संकट से उबारने के लिये 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ट्रेज़री बिल की सहायता प्रदान की है, जो द्विपक्षीय सहयोग का महत्त्वपूर्ण उदाहरण है।
- ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना में भारत मुख्य सहयोगी देश है और इस परियोजना को भारत की सबसे बड़ी बुनियादी ढाँचा सहायता माना जाता है। **इसलिये कथन 2 सही नहीं है।**
- वर्ष 1988 में, भारत ने मालदीव में तख्तापलट की साजिश को विफल करने के लिये 'ऑपरेशन कैक्टस' नामक सैन्य अभियान चलाया था, जो भारत की सामरिक क्षमताओं और पड़ोसी देशों की सुरक्षा में योगदान का प्रमाण है।

**अतः केवल कथन 1 और 3 सही हैं तथा सही उत्तर विकल्प (c) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**17. (d)**

**व्याख्या:** शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की स्थापना **15 जून, 2001** को हुई थी और इसका मुख्यालय बीजिंग, चीन में स्थित है। भारत SCO का संस्थापक सदस्य नहीं है; भारत वर्ष 2017 में SCO का पूर्ण सदस्य बना। SCO की आधिकारिक भाषाएँ रूसी और चीनी हैं, जो इसकी बहुपक्षीय प्रकृति को दर्शाती हैं। यह संगठन मुख्य रूप से क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक साझेदारी पर केंद्रित है।

**अत: सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**18. (c)**

**व्याख्या:** फाइव आईज़ (Five Eyes) एक खुफिया साझेदारी है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड के बीच काम करती है। यह गठबंधन दूसरे विश्व युद्ध के बाद शुरू हुआ और इसका उद्देश्य खुफिया जानकारी साझा करना तथा निगरानी सहयोग बढ़ाना है।

- उल्लेखित देशों में कनाडा, न्यूज़ीलैंड और यूनाइटेड किंगडम इस गठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन फ्राँस इसका सदस्य नहीं है। **अत: सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**19. (b)**

**व्याख्या:** DRDO का गठन वर्ष 1958 में किया गया था, न कि वर्ष 1960 में। **इसलिये पहला कथन सही नहीं है।**

- DARPA (Defense Advanced Research Projects Agency) यू.एस.ए. की एक अग्रणी अनुसंधान और विकास एजेंसी है, जो उन्नत रक्षा तकनीकों के विकास के लिये ज़िम्मेदार है।
- 'तेजस' हल्का लड़ाकू विमान DRDO द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है, जिसमें यू.एस.ए. का सहयोग नहीं है। **इसलिये तीसरा कथन सही नहीं है।**
- 'ब्रह्मोस मिसाइल' रूस और भारत के सहयोग से विकसित की गई है और यह विश्व की सबसे तेज़ सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में से एक है।

**अत: केवल कथन 2 और 4 सही हैं तथा सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**20. (d)**

**व्याख्या:** हाल ही में वैज्ञानिकों ने स्यूडोमोनास एरुगिनोसा (Pseudomonas aeruginosa) में प्रतिजैविक प्रतिरोध को व्युत्क्रमित करने के लिये फेजेस (bacteriophages) की क्षमता को प्रदर्शित किया है। स्यूडोमोनास एरुगिनोसा अस्पताल में होने वाले जानलेवा संक्रमणों के कारणों में से एक है और इसके खिलाफ प्रतिजैविक प्रतिरोध विकसित होने से इलाज में कठिनाई उत्पन्न होती है। फेजेस, जीवाणु पर आक्रमण करके उनकी आनुवांशिक सामग्री को अभिधारित करके उन्हें भीतर से नष्ट करने का कार्य करते हैं।

**इसलिये सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**21. (c)**

**व्याख्या: स्माल मॉड्यूलर रिएक्टर (SMR) के संदर्भ में:**

- अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA) के अनुसार, SMR उन्नत परमाणु रिएक्टर हैं जो पारंपरिक परमाणु रिएक्टरों की तुलना में छोटे होते हैं और लचीली स्थापना, सुरक्षा और लागत-प्रभावशीलता प्रदान करते हैं।
- लिक्विड मेटल कूल्ड फास्ट न्यूट्रॉन स्पेक्ट्रम SMR में सोडियम और सीसा जैसे तरल धातु शीतलक का उपयोग किया जाता है, जो उच्च तापीय दक्षता और सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।
- दोनों कथन सही हैं क्योंकि SMR आधुनिक परमाणु प्रौद्योगिकी में एक क्रांतिकारी नवाचार हैं।

**अत: सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**22. (a)**

**व्याख्या:** प्रस्तुत तालिका में केवल पहली पंक्ति सही सुमेलित है:

- हरगोविंद खुराना ने वर्ष 1968 में चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार जीता था।
- सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर ने वर्ष 1983 में भौतिकी (रसायन विज्ञान नहीं) में नोबेल पुरस्कार प्राप्त किया था।
- वेंकटरमन रामकृष्णन ने वर्ष 2009 में रसायन विज्ञान (भौतिकी नहीं) के लिये नोबेल पुरस्कार जीता था।

**अत: सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**23. (d)**

**व्याख्या:** मीथेन (Methane) एक गंधहीन, रंगहीन और स्वादहीन गैस है, जो प्राकृतिक गैस का प्राथमिक घटक (लगभग 70-90%) है। इसकी ग्लोबल वार्मिंग क्षमता (Global Warming Potential-GWP) 28 है, जिसका अर्थ है कि यह कार्बन डाइऑक्साइड से 28 गुना अधिक शक्तिशाली गैस है। मीथेन का पूर्ण दहन नीली लौ के साथ होता है, जो इसे स्वच्छ और प्रभावी ईंधन बनाता है।

**अत: सही उत्तर विकल्प (d) है।**



Copyright – Drishti The Vision Foundation

**24. (d)**

**व्याख्या:** मीथेन उत्सर्जन को कम करने के लिये भारत ने विभिन्न योजनाओं और मिशनों को लागू किया है:

- **सतत् कृषि पर राष्ट्रीय मिशन:** कृषि पद्धतियों में सुधार कर मीथेन उत्सर्जन को कम करता है।
- **राष्ट्रीय पशुधन मिशन:** पशुधन प्रबंधन में सुधार कर मीथेन उत्सर्जन को नियंत्रित करता है।
- **जलवायु अनुकूल कृषि में राष्ट्रीय नवाचार (NICRA):** जलवायु-स्मार्ट कृषि पद्धतियों के माध्यम से मीथेन उत्सर्जन को घटाने का प्रयास करता है।
- **गोबरधन योजना:** पशु अपशिष्ट से बायोगैस उत्पादन को बढ़ावा देकर मीथेन उत्सर्जन कम करती है।

उपरोक्त सभी योजनाएँ मीथेन उत्सर्जन को नियंत्रित करने में सहायक हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**25. (a)**

**व्याख्या:** ग्रीनहशिंग (Greenhushing) एक वैश्विक प्रवृत्ति है जिसमें कंपनियाँ पर्यावरणीय लक्ष्यों और उपलब्धियों को रणनीतिक रूप से छिपा रही हैं। यह मुख्यतः कानूनी जोखिमों, प्रतिस्पर्द्धात्मक चिंताओं, या आरोपों से बचने के लिये किया जाता है।

- कथन-I सही है क्योंकि ग्रीनहशिंग वर्तमान में पर्यावरणीय पारदर्शिता में कमी का प्रतीक बन गया है।
- कथन-II भी सही है, क्योंकि यह बताता है कि कई कार्बन-न्यूट्रल प्रामाणित कंपनियाँ अपने पर्यावरणीय प्रयासों को उजागर करने से बच रही हैं।
- कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है, क्योंकि यह ग्रीनहशिंग के पीछे की रणनीति को स्पष्ट करता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**26. (c)**

**व्याख्या:** लेडीबग, ग्रीन बिल्डिंग स्टूडियो और क्लाइमेट स्टूडियो तीनों उच्च प्रदर्शन वाली भवनों (High-Performance Buildings) से संबंधित सॉफ्टवेयर उपकरण हैं। ये उपकरण ऊर्जा दक्षता, पर्यावरणीय विश्लेषण और टिकाऊ भवन डिज़ाइन को बढ़ावा देने के लिये उपयोग किये जाते हैं।

- **लेडीबग:** सौर ऊर्जा, ऊर्जा उपयोग और जलवायु संबंधी सिमुलेशन के लिये।
- **ग्रीन बिल्डिंग स्टूडियो:** ऊर्जा विश्लेषण और कार्बन उत्सर्जन का आकलन करने के लिये।
- **क्लाइमेट स्टूडियो:** प्रदर्शन-आधारित डिज़ाइन और सस्टेनेबिलिटी विश्लेषण के लिये।

इस प्रकार तीनों उपकरण हाई परफॉरमेंस बिल्डिंग से संबंधित हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**27. (a)**

**व्याख्या:** हिमालयन क्लीनअप अभियान (THC) पर्वतीय क्षेत्रों में प्लास्टिक प्रदूषण के समाधान के लिये एक प्रमुख प्रयास है।

- कथन-I सही है क्योंकि THC को पर्वतीय क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन से संबंधित सबसे बड़ा अभियान माना जाता है।
- कथन-II भी सही है, क्योंकि इस अभियान में स्वयं सेवक सक्रिय रूप से कचरे की सफाई में भाग लेते हैं, जो इसकी सामुदायिक भागीदारी को दर्शाता है।
- कथन-III भी सही है, क्योंकि THC प्रत्येक वर्ष शीर्ष प्रदूषणकारी कंपनियों की पहचान करता है, जिससे प्लास्टिक प्रदूषण के स्रोतों को उजागर करने में मदद मिलती है।
- कथन-II और कथन-III दोनों सही हैं और कथन-I की व्याख्या करते हैं, क्योंकि ये THC के उद्देश्यों और संचालन को स्पष्ट करते हैं।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**28. (b)**

**व्याख्या:** स्विस-बेस्ड रिसर्च कंसल्टेंसी अर्थ एक्शन (EA) द्वारा जारी 'कुप्रबंधित अपशिष्ट सूचकांक (MWI), 2023' में भारत को चौथा स्थान प्राप्त हुआ है। इस सूचकांक में कुप्रबंधित अपशिष्ट के स्तर को मापा जाता है, जिसमें अपशिष्ट के संग्रहण, प्रसंस्करण और निपटान के तरीके शामिल हैं। भारत में कुप्रबंधित अपशिष्ट की समस्या गहरी है, जो पर्यावरणीय और स्वास्थ्य जोखिमों का कारण बनती है तथा यह सूचकांक इस दिशा में सुधार की आवश्यकता को दर्शाता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**29. (a)**

**व्याख्या:** कुनमिंग-मांट्रियल वैश्विक जैवविविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) का उद्देश्य वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर जैवविविधता की हानि को रोकना है। यह फ्रेमवर्क जैवविविधता के संरक्षण, सतत् उपयोग और इसके लाभों को समान रूप से वितरित करने के लिये वैश्विक दिशा-निर्देश प्रदान करता है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- इस फ्रेमवर्क को दिसंबर, 2022 में संयुक्त राष्ट्र जैवविविधता सम्मलेन (CoP-15) के दौरान अपनाया गया था, जो कुनमिंग और मांट्रियल के बीच हुआ था।
- अत: कथन-1 सही है, लेकिन कथन-2 में त्रुटि है (CoP-15, न कि CoP-16 तथा दिसंबर 2022, न कि दिसंबर 2021)। **अत: सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**30. (d)**

**व्याख्या:** 'ग्रहीय सीमा फ्रेमवर्क' को जोहान रॉकस्ट्रोम तथा 28 वैज्ञानिकों द्वारा वर्ष 2009 में प्रस्तुत किया गया था, न कि वर्ष 2008 में और इसका उद्देश्य पृथ्वी की पर्यावरणीय सीमाओं को रेखांकित करना था। इस फ्रेमवर्क के अंतर्गत नौ ग्रहीय सीमाएँ (न कि आठ) रेखांकित की गई हैं, जो जैविक विविधता, जलवायु परिवर्तन, भूमि उपयोग और अन्य पर्यावरणीय कारकों को शामिल करती हैं।

इसलिये, दोनों कथन सही नहीं हैं। **अत: सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**31. (a)**

**व्याख्या:** भूमध्यरेखीय प्लाज़्मा बुलबुले (EPB) सूर्यास्त के बाद चुंबकीय भूमध्य रेखा के पास आयनमंडल में उत्पन्न होते हैं, जहाँ प्लाज़्मा घनत्व में अस्थिरताएँ और क्षीण क्षेत्र होते हैं। **अत: कथन-1 सही है।**

- कथन-2 सही नहीं है, क्योंकि EPB शीत अयनांत (21 या 22 दिसंबर) के दौरान सबसे अधिक होते हैं, न कि सबसे कम।
- कथन-3 भी सही नहीं है, क्योंकि EPB ग्रीष्म अयनांत (21 जून) के दौरान सबसे कम होते हैं, न कि सबसे अधिक।

**अत: सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**32. (b)**

**व्याख्या:** टोंगा ज्वालामुखी उत्तर-पूर्वी प्रशांत महासागर में स्थित नहीं है। यह दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित है, जो टोंगा द्वीप समूह के पास है। यह टोंगा-केरमाडेक ज्वालामुखी आर्क का एक भाग है और रिंग ऑफ फायर का हिस्सा भी है। साथ ही, यह टोफुआ आर्क का हिस्सा होने के कारण 12 पुष्टिकृत सबमरीन ज्वालामुखियों में से एक है।

इसलिये, कथन (b) सही नहीं है, क्योंकि टोंगा ज्वालामुखी उत्तर-पूर्वी नहीं, बल्कि दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित है।

**अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**33. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि समुद्री उष्ण तरंगें, समुद्र के किसी विशेष क्षेत्र के सतही तापमान के कम-से-कम पाँच दिनों के लिये (न कि तीन दिनों के लिये) औसत तापमान से 3 या 4 डिग्री सेल्सियस अधिक होने पर उत्पन्न होती हैं।

- कथन 2 सही है क्योंकि टवाइलाइट ज़ोन, समुद्र की सतह से 200 से 1000 मीटर नीचे तक फैली महासागर की एक परत है।
- कथन 3 सही है क्योंकि भँवर धारा, महासागर में मुख्य धारा से अलग होकर स्वतंत्र रूप से प्रवाहित होने वाली एक छोटी व गोलाकार जलधारा है।

**अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**34. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि सूर्य के विषुवत वृत्त का चक्रण इसके ध्रुवों की अपेक्षा अधिक तीव्र होता है, न कि धीमा।

- कथन 2 सही है क्योंकि सूर्य के विषुवत वृत्त में प्रतिदिन 13.98 डिग्री का घूर्णन होता है।

**अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**35. (b)**

**व्याख्या:** चार चरणीय चक्रवात चेतावनी प्रणाली में रंगों और उनके समयों के साथ पहली तथा चौथी सही सुमेलित पंक्तियाँ हैं।

- **चक्रवात पूर्व निगरानी (हरा)**- यह 72 घंटे पहले जारी किया जाता है।
- **चक्रवात चेतावनी (पीला)**- इसे प्रतिकूल मौसम शुरू होने से कम-से-कम 48 घंटे पहले जारी किया जाता है।
- **चक्रवात चेतावनी (नारंगी)**- इसे प्रतिकूल मौसम शुरू होने से कम-से-कम 24 घंटे पहले जारी किया जाता है।
- **भू-स्खलन के बाद का पूर्वानुमान (लाल)**- यह भू-स्खलन से कम-से-कम 12 घंटे पहले जारी किया जाता है।

**अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**36. (c)**

**व्याख्या:** पहला कथन सही है क्योंकि अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में युवा पेशेवर महिलाएँ प्रति सप्ताह औसतन 55 घंटे कार्य करती हैं। यह रिपोर्ट महिलाओं के पेशेवर जीवन में लंबे कार्य घंटों की ओर संकेत करती है, जो उनके जीवन संतुलन और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकती है।



Copyright – Drishti The Vision Foundation

- दूसरा कथन भी सही है। ASSOCHAM (Associated Chambers of Commerce and Industry of India) के अध्ययन के अनुसार, भारत में लगभग 42% व्हाइट कॉलर श्रमिक प्रति सप्ताह विधिक रूप से निर्धारित 48 घंटे की सीमा से अधिक कार्य करते हैं। यह श्रम कानूनों के अनुपालन में कमी और श्रमिकों पर कार्यभार की अधिकता को दर्शाता है।
- दोनों ही कथन कार्य संस्कृति और श्रम कानूनों की प्रभावशीलता पर पुनर्विचार की आवश्यकता को रेखांकित करते हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**37. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I सही है क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय ने जेलों में जाति-आधारित श्रम विभाजन को असंवैधानिक घोषित किया है। यह निर्णय जाति आधारित भेदभाव के विरुद्ध संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिये लिया गया है।
- कथन-II भी सही है क्योंकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार), अनुच्छेद 15 (भेदभाव का निषेध) और अनुच्छेद 17 (अस्पृश्यता का अंत) जेलों में जाति-आधारित श्रम विभाजन को स्पष्ट रूप से प्रतिबंधित करते हैं।
- यह व्याख्या स्पष्ट करती है कि जाति-आधारित भेदभाव संविधान की मूल भावना का उल्लंघन करता है। इस प्रकार कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। **अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**38. (d)**

**व्याख्या: साक्षी संरक्षण योजना, 2018:** यह गवाहों की सुरक्षा के लिये गृह मंत्रालय (न कि रक्षा मंत्रालय) द्वारा विकसित एक विधिक ढाँचा है। यह गवाहों को धमकी, भय या क्षति से बचाने के उद्देश्य से बनाई गई पहली योजना है। इसके अंतर्गत राज्य साक्षी संरक्षण निधि की स्थापना की गई है। किसी गवाह द्वारा झूठी शिकायत दर्ज कराए जाने पर राज्य सरकार उसकी सुरक्षा पर किये गए व्यय की वसूली भी कर सकती है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**39. (d)**

**व्याख्या:** तिरुमाला वेंकटेश्वर मंदिर, जिसे तिरुपति बाला जी मंदिर भी कहा जाता है, आंध्र प्रदेश के तिरुपति शहर में स्थित है। यह मंदिर तिरुमाला पहाड़ियों की सात पहाड़ियों में से एक वेंकटाद्री पहाड़ी पर स्थित है। इसे भगवान विष्णु के अवतार श्री वेंकटेश्वर को समर्पित किया गया है।
- यह मंदिर विश्व के सबसे धनी और प्रतिष्ठित मंदिरों में से एक है। इसके साथ ही, यह धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से भारत का एक प्रमुख तीर्थस्थल है, जहाँ प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिये आते हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**40. (c)**

**व्याख्या:** मैनुअल स्कैवेंजिंग को कम करने के लिये भारतीय संविधान में कई प्रावधान दिये गए हैं:
- **अनुच्छेद 16:** यह सार्वजनिक रोज़गार में समान अवसर का अधिकार देता है और जाति आधारित भेदभाव को रोकता है, जिससे मैनुअल स्कैवेंजिंग जैसे कार्यों में मजबूर किये जाने पर रोक लगती है।
- **अनुच्छेद 17:** अस्पृश्यता के उन्मूलन और किसी भी रूप में इसके अभ्यास को दंडनीय अपराध घोषित करता है, जो मैनुअल स्कैवेंजिंग से जुड़ी सामाजिक बुराई को खत्म करने में सहायक है।
- **अनुच्छेद 23:** यह जबरन श्रम (Forced Labour) पर रोक लगाता है, जो मैनुअल स्कैवेंजिंग के खिलाफ संवैधानिक सुरक्षा प्रदान करता है।
- **अनुच्छेद 20,** जो अपराधों से संबंधित संरक्षण देता है, सीधे मैनुअल स्कैवेंज़िंग से संबंधित नहीं है।

इस प्रकार, तीन अनुच्छेद (16, 17, 23) मैनुअल स्कैवेंज़िंग को कम करने के लिये प्रासंगिक हैं।

**अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**41. (c)**

**व्याख्या:** भारतीय रक्षा मंत्री द्वारा जारी 'औपनिवेशिक प्रथाएँ और सशस्त्र बल-एक समीक्षा' का उद्देश्य सशस्त्र बलों में औपनिवेशिक प्रभाव को कम करना और भारतीय मूल्यों व परंपराओं को बढ़ावा देना है।
- **पहला कथन सही है:** सेना प्रशिक्षण कमान (ARTRAC) ने प्राचीन भारतीय सैन्य अवधारणाओं और परंपराओं पर आधारित पठन सामग्री तैयार की है। इसका उद्देश्य भारतीय दृष्टिकोण से सैन्य कर्मियों को सशक्त बनाना है।
- **दूसरा कथन भी सही है:** सैन्य प्रशिक्षण संस्थानों में औपनिवेशिक युग की साहित्यिक कृतियों को हटाकर भारतीय साहित्यिक और सांस्कृतिक कृतियों से प्रतिस्थापित करने की योजना है। यह कदम सशस्त्र बलों में भारतीयता की भावना को बढ़ावा देने के लिये उठाया गया है।
- ये पहल भारतीय सेना की पहचान को औपनिवेशिक प्रभाव से मुक्त करने और उसे भारतीय परंपराओं से जोड़ने का संकेत देती हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**42. (b)**

**व्याख्या: उल्लेखित स्थलों और उनके खोजकर्त्ताओं की जानकारी के अनुसार:**
- **हड़प्पा:** इसे वर्ष 1921 में दयाराम साहनी ने खोजा था। यह रावी नदी के तट पर, वर्तमान पाकिस्तान में स्थित है। **(सही सुमेलित है।)**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **मोहनजोदड़ो:** इसे वर्ष 1922 में राखल दास बनर्जी ने खोजा था। यह सिंधु नदी के तट पर, वर्तमान पाकिस्तान में स्थित है। **( सही सुमेलित है। )**
- **लोथल:** इसे वर्ष 1953 में आर. राव ने खोजा था, न कि आर.एस. विष्ट ने। यह गुजरात में भोगवा नदी के तट पर स्थित है। **( गलत सुमेलित है। )**
- **धौलावीरा:** इसे वर्ष 1985 में आर.एस. विष्ट ने खोजा था, न कि आर. राव ने। यह कच्छ के रण, गुजरात में स्थित है। **( गलत सुमेलित है। )**

इस प्रकार, केवल पहली और दूसरी पंक्तियाँ सही सुमेलित हैं। **अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**43. (b)**

**व्याख्या: कथन 1 सही नहीं है:** हड़प्पा सभ्यता में धातु मुद्रा का प्रचलन नहीं था। लेन-देन वस्तु विनिमय प्रणाली पर आधारित था।

- **कथन 2 सही है:** टेराकोटा (पकी हुई मिट्टी) की मूर्तियों का निर्माण हड़प्पा सभ्यता की एक महत्त्वपूर्ण शिल्प विशेषता थी। इसमें मानव आकृतियाँ, खिलौने और जानवरों की आकृतियाँ प्रमुख थीं।
- **कथन 3 सही नहीं है:** हड़प्पा सभ्यता में कूबड़ वाला सांड दूसरा महत्त्वपूर्ण पशु था। हड़प्पा सभ्यता में सबसे महत्त्वपूर्ण पशु एक सींग वाला गैंडा था।

इस प्रकार, केवल दूसरा कथन सही है। **अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**44. (a)**

**व्याख्या:** कथन-I सही है क्योंकि नेपोलियन बोनापार्ट ओरिएंटल वर्ल्ड (पूर्वी देशों) के प्रति गहरी महत्त्वाकांक्षा रखता था। उसकी मिस्र और सीरिया में सैन्य अभियानों का उद्देश्य यूरोप के बाहर अपनी शक्ति का विस्तार करना था।

- कथन-II भी सही है क्योंकि नेपोलियन एशिया में सिकंदर महान की विजय से अत्यधिक प्रेरित था। उसने मिस्र अभियान के दौरान खुद को सिकंदर की तरह विजेता के रूप में प्रस्तुत किया तथा एशियाई शक्तियों को चुनौती देने की आकांक्षा रखी।

इस प्रकार, दोनों कथन सही हैं और कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। **अत: सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**45. (c)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही है क्योंकि सती प्रथा (रोकथाम) अधिनियम, 1987 की धारा 3 के अनुसार सती होने का प्रयास करने पर एक वर्ष का कारावास, जुर्माना या दोनों हो सकता है।

- कथन 2 भी सही है क्योंकि मराठों ने अपने क्षेत्रों में सती प्रथा पर प्रतिबंध लगा दिया था।

**अत: सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**46. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि लॉर्ड विलियम बेंटिक ने भारतीयों को प्रशासनिक भूमिकाओं से बाहर रखने की कॉर्नवॉलिस की नीति को उलट दिया तथा शिक्षित भारतीयों को डिप्टी मजिस्ट्रेट व डिप्टी कलेक्टर के पद पर नियुक्त किया।

- कथन 2 सही है क्योंकि लॉर्ड विलियम बेंटिक ने स्थानीय न्यायालयों में स्थानीय भाषा के प्रयोग का आदेश दिया तथा योग्य भारतीयों को मुंसिफ और सदर अमीन के रूप में नियुक्त किया।

**अत: सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**47. (a)**

**व्याख्या: जीवन रेड्डी समिति:** यह समिति AFSPA (आर्म्ड फोर्सेस स्पेशल पावर्स एक्ट) पर गठित की गई थी और इसने सुझाव दिया था कि AFSPA को निरस्त कर देना चाहिये, क्योंकि इसे कठोर और दमनकारी माना गया। **यह युग्म सही है।**

- **संतोष हेगड़े आयोग:** इसे मणिपुर में फर्जी मुठभेड़ों की जाँच के लिये गठित किया गया था। इसने AFSPA को निरस्त करने की सिफारिश नहीं की, बल्कि सुझाव दिया कि इसकी आवश्यकता सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक 6 माह में इसकी समीक्षा की जानी चाहिये। **यह युग्म सही नहीं है।**
- **द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग (ARC):** इसने AFSPA की अनिवार्यता सुनिश्चित करने के लिये प्रत्येक 6 माह में इसकी समीक्षा करने का सुझाव नहीं दिया, बल्कि इसके द्वारा AFSPA को निरस्त करने की सिफारिश की गई। **यह युग्म सही नहीं है।**

इस प्रकार, केवल पहला युग्म सही सुमेलित है। **अत: सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**48. (a)**

**व्याख्या: कथन-I सही है:** राष्ट्रीय सांप्रदायिक सद्भाव फाउंडेशन (NFCH) एक स्वायत्त संगठन है, जो सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिये कार्य करता है। यह सांप्रदायिक हिंसा से प्रभावित व्यक्तियों एवं उनके पुनर्वास के लिये भी काम करता है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **कथन-II भी सही है:** धर्म, जाति, भाषा, जन्म स्थान आदि के आधार पर समाज में शत्रुता फैलाना भारत की विविधता और अखंडता को खतरे में डालता है। यह राष्ट्रीय एकता को कमज़ोर करता है, जिसे NFCH रोकने का प्रयास करता है।

इस प्रकार, कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है क्योंकि यह उन समस्याओं को रेखांकित करता है जिन्हें NFCH हल करने का प्रयास करता है। **अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**49. (c)**

**व्याख्या:** विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) एक्ट, 1967 (UAPA) के तहत 14 दिन की समय-सीमा' के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के हालिया निर्णय के संदर्भ में:

- UAPA के तहत अभियोजन की मंज़ूरी देने के लिये 14 दिन की समय-सीमा अब अनिवार्य है, न कि विवेकाधीन।
- राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में केंद्र और राज्य सरकारों दोनों को UAPA की 14 दिन की समय-सीमा के तहत कार्य करना आवश्यक है।
- UAPA की 14 दिन की समय-सीमा का पालन न करने पर गंभीर कानूनी परिणाम हो सकते हैं, जैसे आपराधिक कार्यवाही को रद्द करना।
- UAPA के तहत 14 दिन की समय-सीमा का सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्णय भावी रूप से लागू होगा अर्थात् यह पिछले मामलों को प्रभावित नहीं करेगा।

**अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**50. (a)**

**व्याख्या: कथन 1 सही है:** न्याय की देवी की नई प्रतिमा में उनकी आँखों पर अब पट्टी नहीं बंधी है, जो इस बात को दर्शाता है कि न्याय अब बिना पक्षपाती और निष्पक्ष रूप से दिया जा रहा है।

- **कथन 2 भी सही है:** इस नई प्रतिमा में 'न्याय की देवी' अब साड़ी पहनकर दिखाई गई हैं, जो पारंपरिक भारतीय संस्कृति का प्रतीक है और इस तरह से न्याय का रूप भारतीयता को दर्शाता है।
- **कथन 3 सही नहीं है:** न्याय की देवी के तराज़ू को उनके दाएँ हाथ में रखा गया है, न कि बाएँ।

इस प्रकार, केवल पहला और दूसरा कथन सही हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**51. (b)**

**व्याख्या:** 'पीएम इंटर्नशिप योजना' का उद्देश्य युवा बेरोज़गारी की समस्या से निपटने के लिये विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करना है। इस योजना के तहत, आवेदकों को ₹4,500 प्रति माह की मासिक वृत्ति प्राप्त होगी। इस राशि का उद्देश्य इंटर्नशिप के दौरान उनके आर्थिक समर्थन को सुनिश्चित करना है साथ ही पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना और पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवरेज भी प्रदान किया जायेगा। **अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**52. (d)**

**व्याख्या:** 'भारतजेन' नामक जनरेटिव AI पहल की शुरुआत विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा की गई है। इसे सार्वजनिक सेवा वितरण को बढ़ाने के लिये डिज़ाइन किया गया है। यह भारतीय भाषाओं के लिये विश्व की पहली सरकारी वित्तपोषित मल्टीमाडल लार्ज लैंग्वेज मॉडल परियोजना है। इसका नेतृत्त्व IIT बॉम्बे (न कि IIT दिल्ली) द्वारा अंतरविषयी साइबर-भौतिकी प्रणाली से संबंधित राष्ट्रीय मिशन के तहत किया जाता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**53. (b)**

**व्याख्या: कथन-I सही है:** अरुणाचल प्रदेश में स्थित एक चोटी का नाम 'त्सांगयांग ग्यात्सो पीक' रखा गया है। यह चोटी तिब्बती बौद्ध धर्म के महत्त्वपूर्ण धार्मिक गुरु, त्सांगयांग ग्यात्सो, के नाम पर रखी गई है।

- **कथन-II भी सही है:** त्सांगयांग ग्यात्सो का जन्म तवांग (अरुणाचल प्रदेश) में हुआ था। वह 6वें दलाई लामा के रूप में प्रसिद्ध हुए थे और तिब्बत के धार्मिक इतिहास में एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखते हैं।
- कथन-II कथन-I की व्याख्या नहीं करता, क्योंकि यह केवल व्यक्ति के जन्म स्थान को बताता है, जबकि कथन-I उस स्थान से संबंधित चोटी का नाम बताता है।
- भारत ने इस नामकरण को त्सांगयांग ग्यात्सो की शाश्वत बुद्धिमत्ता तथा मोनपा समुदाय के प्रति उनके योगदान को श्रद्धांजलि के रूप में संदर्भित किया।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**54. (b)**

**व्याख्या:** सहारा मरुस्थल अफ्रीका का विशालतम मरुस्थल है और यह कई देशों से होकर गुज़रता है। इसमें शामिल देशों अल्जीरिया, मिश्र, माली, मोरक्को, पश्चिमी सहारा, ट्यूनीशिया, चाड, लीबिया, मारटानिया, नाइजर और सूडान की सूची में से:

- **माली:** सहारा मरुस्थल की सीमा माली से गुज़रती है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **चाड:** सहारा मरुस्थल चाड से भी होकर गुज़रता है।
- **बेनिन:** बेनिन की सीमा सहारा मरुस्थल से नहीं जुड़ती है, क्योंकि यह सहारा के दक्षिण में स्थित है।
- **सेनेगल:** सेनेगल भी सहारा मरुस्थल से नहीं जुड़ता है, क्योंकि यह सहारा से काफी दूर पश्चिम में स्थित है।

इसलिये, माली और चाड उन दो देशों में शामिल हैं जिनकी सीमा सहारा मरुस्थल को स्पर्श करती है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**55. (d)**

**व्याख्या:** भारत ने सशस्त्र बलों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिये अमेरिका के साथ MQ-9B प्रीडेटर सशस्त्र ड्रोन खरीदने के लिये रक्षा सौदे पर हस्ताक्षर किये हैं। ये ड्रोन अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं और निगरानी, टोही और सटीक हमले के लिये उपयोग किये जाते हैं। ये समुद्री और थल दोनों परिचालनों में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। यह सौदा भारत-अमेरिका रक्षा सहयोग का एक महत्त्वपूर्ण हिस्सा है, जो दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मज़बूत करता है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**56. (b)**

**व्याख्या:** 2024 के नोबेल पुरस्कार विजेताओं के संदर्भ में निम्न जानकारी है:

- **भौतिकी:** जॉन जे. हॉपफील्ड और ज्यॉफ्री ई. हिंटन को पुरस्कार दिया गया, जिनके प्रभावशाली कार्यों ने आधुनिक कृत्रिम तंत्रिका तंत्र तथा मशीन लर्निंग की नींव रखी।
- **मेडिसिन:** विक्टर एंब्रोस और गैरी रूवकुन को माइक्रोआरएनए की खोज तथा उनके जीन विनियमन में भूमिका के लिये सम्मानित किया गया।
- **साहित्य:** साहित्य पुरस्कार निहोन हिदानक्यो को नहीं, बल्कि हान कांग को 'गहन काव्यात्मक गद्य' के लिये दिया गया। वे साहित्य में दक्षिण कोरिया की पहली नोबेल पुरस्कार विजेता लेखिका हैं।
- **शांति:** शांति पुरस्कार हान कांग को नहीं, बल्कि हिरोशिमा-नागाशाकी पर बम हमले के उत्तरजीवियों का प्रतिनिधित्व करने वाले एक जापानी संगठन निहोन हिदानक्यो को दिया गया।

**इस प्रकार, केवल दो युग्म सही हैं। अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**57. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि राष्ट्रीय कृषि विकास योजना पारंपरिक फसलों सहित (न कि केवल आधुनिक फसलों) कृषि और संबद्ध क्षेत्रों के समग्र विकास में मदद करती है।

- कथन 2 सही है क्योंकि पीएम कृषि सिंचाई योजना पारंपरिक फसलों सहित सतत कृषि को मदद देने के लिये सिंचाई में सुधार पर ध्यान केंद्रित करती है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**58. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि जेट स्ट्रीम मध्य से ऊपरी क्षोभमंडल में पश्चिम से पूर्व की ओर (न कि पूर्व से पश्चिम की ओर) तेज़ी से बहने वाले हवाओं के बैंड हैं।

- कथन 2 सही है क्योंकि जेट स्ट्रीम भूमध्य रेखा तथा ध्रुवीय ठंडी और शुष्क हवा के बीच घनत्व प्रवणता के कारण मौजूद है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**59. (d)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही है क्योंकि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) मशीनों द्वारा मानव बुद्धि का अनुकरण है।

- कथन 2 सही है क्योंकि मशीन लर्निंग (ML), AI का एक प्रकार है जिसमें एल्गोरिदम का विकास शामिल है।
- कथन 3 सही है क्योंकि डीप लर्निंग (DL) ML का एक उपसमूह है, जिसमें मानव मस्तिष्क के सीखने के तरीके के समान डेटा से सीखने के लिये कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क का उपयोग होता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**60. (d)**

**व्याख्या:** भारतीय वायु सेना (IAF) कई प्रमुख बहुपक्षीय और द्विपक्षीय हवाई अभ्यासों में भाग लेती है, जिनमें अभ्यास डेजर्ट नाइट, रेड फ्लैग, पिच ब्लैक, और HOPEX शामिल हैं:

- **अभ्यास डेजर्ट नाइट:** भारतीय वायु सेना और फ्राँसीसी वायु सेना के बीच यह एक प्रमुख द्विपक्षीय अभ्यास है, जिसमें उच्च स्तरीय समन्वय और ऑपरेशनल तालमेल पर ध्यान दिया जाता है।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **अभ्यास रेड फ्लैग:** यह अमेरिकी वायु सेना द्वारा आयोजित एक प्रमुख अभ्यास है, जिसमें IAF नियमित रूप से भाग लेती है, फोकस उच्च-जोखिम युद्ध परिदृश्यों में प्रशिक्षण पर होता है।
- **अभ्यास पिच ब्लैक:** ऑस्ट्रेलिया में आयोजित यह एक बहुपक्षीय अभ्यास है जिसमें IAF ने अपने आधुनिक विमानों और क्षमताओं का प्रदर्शन किया है।
- **अभ्यास HOPEX:** IAF इस अभ्यास में भी भाग लेती है, जो आपातकालीन मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों में सहयोग पर केंद्रित है।

इस प्रकार, भारतीय वायु सेना उपर्युक्त सभी चारों अभ्यासों में शामिल होती है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**61. (b)**

**व्याख्या:** तमिलनाडु ने 'वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण रिपोर्ट 2022-23' के अनुसार रोज़गार प्रदान करने में सभी राज्यों को पीछे छोड़ दिया है। इस रिपोर्ट के अनुसार, रोज़गार के मामले में शीर्ष 5 राज्य क्रमशः तमिलनाडु, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक हैं। यह रिपोर्ट मंत्रालय सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन (MoSPI) द्वारा प्रकाशित की गई थी, जिसमें औद्योगिक विकास और रोज़गार सृजन की व्यापक समीक्षा शामिल है। **अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**62. (a)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही है क्योंकि 'वैश्विक साइबर सुरक्षा सूचकांक, 2024' को अंतर्राष्ट्रीय दूरसंचार संघ द्वारा जारी किया गया है।

- कथन 2 सही नहीं है क्योंकि इसमें मूल्यांकन के पाँच स्तंभ (न कि चार स्तंभ) संगठनात्मक उपाय, कानूनी उपाय, तकनीकी उपाय, क्षमता विकास और सहयोग होते हैं।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**63. (c)**

**व्याख्या:** 'वैश्विक भुखमरी सूचकांक, 2024' में भारत को 105वाँ (127 देशों में) स्थान प्राप्त हुआ है। इस रिपोर्ट में भारत का स्कोर 27.3 रहा, जिससे देश को 'गंभीर' श्रेणी में रखा गया है। भारत ने पिछले वर्ष (2023) के 111वें (125 देशों में) स्थान से छह स्थान का सुधार किया है।

- भारत के पड़ोसी देशों में, श्रीलंका (56वाँ), नेपाल (68वाँ) और बांग्लादेश (84वाँ) ने बेहतर प्रदर्शन किया तथा उन्हें 'मध्यम' श्रेणी में स्थान दिया गया। हालाँकि पाकिस्तान (109वाँ) एवं अफगानिस्तान (116वाँ) ने अपेक्षाकृत खराब प्रदर्शन किया है।

इस सूचकांक में भूख के स्तर को चार प्रमुख कारकों के आधार पर मापा जाता है:

- कुपोषण,
- बच्चों का बौना होना,
- बच्चों का कम वज़न होना
- पाँच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर

**अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**64. (a)**

**व्याख्या:** विश्व स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों (EVs) की मांग और उपयोग में तेज़ी से वृद्धि हो रही है। इसका मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन की चिंताओं, जीवाश्म ईंधन की सीमितता और हरित प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने वाली नीतियों का प्रभाव है।

- कथन-I सत्य है, क्योंकि वैश्विक EV बाज़ार का विस्तार प्रौद्योगिकी उन्नति, बैटरी लागत में कमी और जागरूकता बढ़ने के कारण हो रहा है।
- कथन-II भी सत्य है, क्योंकि अनुमान है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर नई कारों की बिक्री में EV की हिस्सेदारी लगभग 50% हो जाएगी, जो कथन-I को स्पष्ट करता है। यह अनुमान EV नीति और बुनियादी ढाँचे के विकास को भी रेखांकित करता है।

इस प्रकार कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। **अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**65. (d)**

**व्याख्या:** भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (Telecom Regulatory Authority of India & TRAI) का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है। TRAI की स्थापना वर्ष 1997 में भारतीय दूरसंचार क्षेत्र को विनियमित करने और इसे प्रतिस्पर्द्धात्मक, पारदर्शी और उपभोक्ता-अनुकूल बनाने के उद्देश्य से की गई थी।

- TRAI का उद्देश्य टेलीफोन, इंटरनेट और ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं के क्षेत्र में नीतियों तथा विनियमों को लागू करना है। इसका मुख्यालय महानगर दूरसंचार भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, नई दिल्ली में स्थित है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**66. (d)**

**व्याख्या:** दोनों कथन सही नहीं हैं।

- **कथन 1:** खेल पंचाट न्यायालय (Court of Arbitration for Sport & CAS) की स्थापना वर्ष 1984 में की गई थी, न कि वर्ष 1987 में। इसका उद्देश्य खेलों से संबंधित विवादों का त्वरित और निष्पक्ष समाधान प्रदान करना है।
- **कथन 2:** CAS का मुख्यालय स्विट्ज़रलैंड के लॉजेन (Lausanne) में स्थित है, न कि नीदरलैंड के हेग में।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**67. (b)**

**व्याख्या:** सभी पंक्तियों का विश्लेषण निम्नलिखित है:

- **चाडवा राखा, महाराष्ट्र:** यह पंक्ति गलत सुमेलित है क्योंकि गुजरात सरकार ने (न कि महाराष्ट्र सरकार ने) कच्छ ज़िले के चाडवा राखा क्षेत्र को कैरेकल (जंगली बिल्ली की एक दुर्लभ प्रजाति) के प्रजनन और संरक्षण क्षेत्र के रूप में विकसित करने की घोषणा की।
- **कर्णपुरा कोयला क्षेत्र, ओड़िशा:** यह पंक्ति गलत सुमेलित है क्योंकि कर्णपुरा कोयला क्षेत्र झारखंड (न कि ओड़िशा) में स्थित है और इस क्षेत्र में शेल गैस उत्पादन की संभावना प्रकट की गई है।
- **कैमूर वन्यजीव अभयारण्य, बिहार:** यह पंक्ति सही सुमेलित है क्योंकि बिहार सरकार ने कैमूर वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिज़र्व के रूप में विकसित करने की मंज़ूरी दी है।
- **नागार्जुन सागर श्रीशैलम टाइगर रिज़र्व, आंध्र प्रदेश:** यह पंक्ति सही सुमेलित है क्योंकि यह टाइगर रिज़र्व भारत में सबसे बड़ी तेंदुआ आबादी वाले टाइगर रिज़र्वों में पहले स्थान के रूप में पहचाना गया है।

इस प्रकार तीसरी तथा चौथी सही सुमेलित पंक्तियाँ हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**68. (c)**

**व्याख्या: चागोस द्वीप समूह:** यह युग्म सही सुमेलित है। ब्रिटेन ने चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता मारीशस को सौंपने पर सहमति व्यक्त की है। यह मुद्दा लंबे समय से विवादास्पद रहा है और अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय ने भी इसे मारीशस का हिस्सा माना।

- **पाक जलडमरूमध्य:** यह युग्म सही सुमेलित है। भारत और श्रीलंका के बीच नागपट्टीनम (भारत) से कांकेसंथुराई (श्रीलंका) तक नौका सेवा को हाल ही में फिर से शुरू किया गया है। यह जलडमरूमध्य दोनों देशों के लिये रणनीतिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व रखता है।
- **लिटिल प्रेस्पा झील:** यह युग्म भी सही सुमेलित है। यह झील ग्रीस और अल्बानिया की सीमा पर स्थित है। हाल के वर्षों में इसके जलभराव क्षेत्र में कमी आई है, जो पर्यावरणीय चिंता का विषय है।

इस प्रकार सभी तीनों सही सुमेलित युग्म हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**69. (c)**

**व्याख्या:** वेदों से संबंधित छह प्रमुख शाखाएँ होती हैं, जिन्हें वेदांग कहा जाता है। ये शाखाएँ हैं- शिक्षा, कल्प, व्याकरण, निरुक्त, छंद और ज्योतिष। वस्तुत: कौशतिकी, ऐतरेय, गोपथ आदि ब्राह्मण ग्रंथ हैं।

**अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**70. (c)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही है। ऐहोल अभिलेख में पुलकेशिन II और हर्षवर्द्धन के बीच हुई लड़ाई का उल्लेख किया गया है, जिसमें पुलकेशिन II ने हर्षवर्द्धन को पराजित किया था। यह घटना 7वीं सदी के मध्य की है और यह अभिलेख ऐहोल (कर्नाटक) में पाया गया था।

- कथन 2 भी सही है। बोगजकई अभिलेख को भारत के सबसे प्राचीन अभिलेखों में गिना जाता है। यह अभिलेख लगभग 3,000 साल पुराना है और दक्षिण भारत के तमिलनाडु में पाया गया था, जो प्राचीनतम शिलालेखों में से एक है।

इस प्रकार दोनों कथन सही हैं, **इसलिये सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**71. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि भारत में आरंभिक पुरापाषाण काल का प्रथम साक्ष्य महाराष्ट्र (न कि गुजरात) के 'बोरी' नामक स्थान से प्राप्त हुआ है।

- कथन 2 सही है क्योंकि नवपाषाण काल में कृषि का प्रारंभिक साक्ष्य 'मेहरगढ़' से प्राप्त होता है।
- कथन 3 भी सही है क्योंकि मध्यपाषाण काल में 'महदहा' से पुरुष-स्त्री को एक साथ दफनाने के साक्ष्य मिले हैं।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**72. (b)**

**व्याख्या: युग्म-1:** करीष → बादल: यह युग्म सही नहीं है। करीष शब्द का आधुनिक नाम गोबर की खाद है, न कि बादल।

- **युग्म-2:** पर्जन्य → गोबर की खाद: यह युग्म सही नहीं है। पर्जन्य शब्द का आधुनिक नाम बादल है, न कि गोबर की खाद या उर्वरक।


Copyright – Drishti The Vision Foundation

- **युग्म-3:** तक्षण → बढ़ई: यह युग्म सही है। 'तक्षण' संस्कृत में बढ़ई या कारीगर को कहा जाता था, जो लकड़ी के काम में माहिर होते थे।
- **युग्म-4:** भिषज → वैद्य: यह युग्म भी सही है। 'भिषज' का अर्थ वैद्य (चिकित्सक) होता है, जो आयुर्वेदिक उपचार करने वाला व्यक्ति था।

इस प्रकार, केवल युग्म 3 और 4 सही सुमेलित हैं। **इसलिये, सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**73. (a)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही है क्योंकि जैन धर्म में युद्ध व कृषि दोनों वर्जित हैं।

- कथन 2 सही नहीं है क्योंकि जैन धर्म पुनर्जन्म में विश्वास करता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**74. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि बौद्ध धर्म ईश्वर तथा आत्मा दोनों में विश्वास नहीं करता है, इसलिये इसे अनीश्वरवादी तथा अनात्मवादी कहा जाता है।

- कथन 2 सही है क्योंकि बौद्ध धर्म पुनर्जन्म में विश्वास करता है, यहाँ पुनर्जन्म का संदर्भ चेतना से लिया जाता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**75. (d)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि मेगस्थनीज़ ने कृष्ण को 'हेराक्लीज़' (न कि 'डायोनिसस') नाम से उल्लिखित किया है।

कथन 2 सही नहीं है क्योंकि मेगस्थनीज़ ने शिव को 'डायोनिसस' (न कि 'हेराक्लीज़') कहा था।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**76. (b)**

**व्याख्या:** हाल ही में भारतीय प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र राज्य में 'बिडकिन औद्योगिक क्षेत्र' का उद्घाटन किया। यह क्षेत्र भारत के दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर (DMIC) परियोजना का हिस्सा है, जो देश के औद्योगिक विकास और रोज़गार सृजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह क्षेत्र अत्याधुनिक बुनियादी ढाँचे और निवेश-अनुकूल वातावरण के लिये डिज़ाइन किया गया है, जो मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत अभियान को मज़बूत करता है। इसकी स्थापना से महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**77. (a)**

**व्याख्या:** हाल ही में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र के नागपुर में ऑक्सीजन बर्ड पार्क (अमृत महोत्सव पार्क) का उद्घाटन किया गया है। यह पार्क नागपुर-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर की गई एक पर्यावरण पहल का हिस्सा है। इस पार्क में तीव्र वृद्धि वाले एवं ऑक्सीजन उत्सर्जित करने वाले पेड़ लगे हुए हैं। इस पार्क का उद्देश्य वायु प्रदूषण रोकने के साथ स्वस्थ वातावरण को बढ़ावा देना है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**78. (c)**

**व्याख्या:** मृत मेंढक भ्रूणों की त्वचा की कोशिकाओं से स्वत: बनने वाली नई बहुकोशिकीय संरचनाओं को जेनोबोट्स (Xenobots) कहा जाता है। इन जेनोबोट्स द्वारा अपने मूल जैविक कार्यों से परे व्यवहार प्रदर्शित किया गया तथा सिलिया का उपयोग नेविगेट करने एवं गति करने के लिये किया गया, जबकि जीवित मेढ़क भ्रूणों में सिलिया का उपयोग म्यूकस को गति देने के लिये किया जाता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**79. (b)**

**व्याख्या:** रॉश हशनाह एक यहूदी नववर्ष है। यह यहूदी महीने तिश्री की शुरुआत का प्रतीक है, जो हिब्रू कैलेंडर के अनुसार 7वाँ महीना है। रॉशहशनाह को योम हादिन (न्याय का दिन) के रूप में भी जाना जाता है। इस दिन चुनिंदा आराधनालयों में शॉफर हार्न बजाया जाता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**80. (d)**

**व्याख्या:** तुवालु देश की राजधानी फुनाफुटी (Funafuti) है, जो प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा द्वीपीय देश है। यह देश समुद्र के बढ़ते जलस्तर के कारण गंभीर जलवायु संकट का सामना कर रहा है। फुनाफुटी, जो तुवालु के सबसे बड़े एटोल में स्थित है, समुद्र के स्तर में वृद्धि के कारण डूबने के उच्च जोखिम पर है। यह समस्या वैश्विक जलवायु परिवर्तन, कार्बन उत्सर्जन और पर्यावरणीय असंतुलन की ओर ध्यान आकर्षित करती है, जिससे ऐसे छोटे द्वीप राष्ट्रों का अस्तित्व खतरे में है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**81. (d)**

**व्याख्याः** महालया दुर्गा पूजा महोत्सव की शुरुआत का प्रतीक है। महालया वह दिन है, जब देवी दुर्गा पृथ्वी पर अवतरित हुई थीं। इस दिन कारीगर देवी दुर्गा की आँखों पर रंग लगाते हैं, जिसे 'चोखू दान' के रूप में जाना जाता है। यह 'पितृ पक्ष' के अंत और 'देवी पक्ष' के प्रारंभ का प्रतीक है। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**82. (a)**

**व्याख्याः** जैव ईंधन कृषि अपशिष्ट, शैवाल और अन्य जैविक सामग्रियों से प्राप्त होते हैं, जो नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत हैं क्योंकि ये प्राकृतिक चक्र के तहत पुनः उत्पन्न हो सकते हैं। साथ ही, जैव ईंधन के दहन से जीवाश्म ईंधन की तुलना में कम ग्रीनहाउस गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद मिलती है। यह ऊर्जा स्रोत सतत् विकास और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में सहायक है। गौरतलब है कि जैव ईंधन के सामान्य प्रकारों में इथेनॉल तथा बायोडीजल शामिल हैं।

इस प्रकार कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। **अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**83. (b)**

**व्याख्याः** चावल उत्पादन के मामले में भारत विश्व में दूसरे स्थान पर आता है। भारत, चीन के बाद दुनिया का सबसे बड़ा चावल उत्पादक देश है। ऐसे में चावल के फोर्टीफिकेशन से भारत के बड़े तबके को पोषण-युक्त आहार उपलब्ध कराया जा सकता है। ध्यातव्य है कि चावल भारतीय कृषि की एक प्रमुख फसल है और भारत के कुल खाद्य उत्पादन का महत्त्वपूर्ण हिस्सा बनाता है। चावल उत्पादन में भारत की प्रमुख भूमिका का श्रेय इसके उपजाऊ मैदान, अनुकूल जलवायु तथा परंपरागत कृषि पद्धतियों को जाता है। चावल का निर्यात भारत की अर्थव्यवस्था एवं वैश्विक खाद्य सुरक्षा में भी योगदान देता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**84. (d)**

**व्याख्याः** प्रश्न में दिये गए तीनों कथन सही हैं:

- हैडली सेल 30° उत्तरी और दक्षिणी अक्षांश पर हवाओं के नीचे उतरने से बनती है। यह भूमध्यरेखा के पास गर्म हवा के ऊपर उठने एवं ठंडी होकर पुनः 30° अक्षांश पर उतरने की प्रक्रिया है।
- पोलर सेल ध्रुवीय क्षेत्रों में गर्मी का संतुलन बनाए रखती है। इसकी अनुपस्थिति में ध्रुवीय क्षेत्र अत्यधिक ठंडे हो जाएंगे।
- फेरेल सेल में बहने वाली पश्चिमी हवाएँ उप-उष्णकटिबंधीय महासागर गायरे को नियंत्रित करती हैं, जो महासागरीय धाराओं के चक्रवातीय प्रवाह को संचालित करती हैं।

ये वायुमंडलीय सेल पृथ्वी के ताप और दाब संतुलन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**85. (a)**

**व्याख्याः** भारत में डिजिटल अर्थव्यवस्था और तकनीकी प्रगति के कारण गिग वर्कर्स की संख्या तेज़ी से बढ़ रही है। ये प्लेटफार्म-आधारित कार्य, जैसे- राइड-शेयरिंग, फूड डिलीवरी और फ्रीलांसिंग, युवाओं तथा रोज़गार बाज़ार में बढ़ते असंगठित कार्यबल को अवसर प्रदान कर रहे हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में गिग वर्कर्स की संख्या 2020-21 में 7.7 मिलियन थी, जो 2029-30 तक बढ़कर 23.5 मिलियन होने की संभावना है। यह परिवर्तन रोज़गार के स्वरूप में बड़े बदलाव का संकेत है।

इस प्रकार कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की व्याख्या करता है। **अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

**86. (c)**

**व्याख्याः** उपर्युक्त में से तीन लेखक - नियार्कस, ऑनेसिक्रिटस और अरिस्टोबुलस - सिकंदर के साथ भारत आए थे।

- **नियार्कसः** सिकंदर की नौसेना का प्रमुख था और उसने भारत के समुद्री मार्गों का विवरण दिया।
- **ऑनेसिक्रिटसः** सिकंदर का प्रमुख ऐतिहासिक लेखक और नेविगेटर था, जिसने उसके अभियानों का वर्णन किया।
- **अरिस्टोबुलसः** सिकंदर का इंजीनियर और लेखक था, जिसने उसके अभियानों के दौरान अपनी टिप्पणियाँ दर्ज कीं।
- **सैंड्रोकोट्टसः** यूनानी ग्रंथो में चंद्रगुप्त मौर्य के लिये सैंड्रोकोट्टस नाम का प्रयोग हुआ है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (c) है।**

**87. (d)**

**व्याख्याः** सातवाहन वंश की स्थापना भारत के दक्कन क्षेत्र में सिमुक द्वारा प्रथम शताब्दी ईसा पूर्व के आस-पास की गई थी। यह वंश मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद उभरा और दक्षिण भारत में महत्त्वपूर्ण सत्ता केंद्र बना। सिमुक ने कई छोटे-छोटे राज्यों को एकजुट कर सातवाहन साम्राज्य की नींव रखी। उसके उत्तराधिकारी, जैसे शातकर्णी प्रथम तथा अन्य, ने साम्राज्य को और विस्तार दिया। सातवाहन वंश भारतीय इतिहास में प्राचीनतम दक्षिण भारतीय राजवंशों में से एक था।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

88. (b)

**व्याख्याः केवल दो युग्म सही सुमेलित हैं:**

- **वासवदत्ता-कामंदकः** यह युग्म गलत सुमेलित है। वासवदत्ता सुबंधु द्वारा रचित कृति है, न कि कामंदक द्वारा।
- **नीतिसार-सुबंधुः** यह युग्म गलत सुमेलित है। गुप्तकालीन नीतिसार कामंदक द्वारा लिखी गई महत्त्वपूर्ण नीतिकृति है, न कि सुबंधु द्वारा।
- **मालती माधव-भवभूतिः** यह युग्म सही सुमेलित है। मालती माधव नाटक भवभूति द्वारा लिखा गया था।
- **गणित सार-श्रीधरः** यह युग्म सही सुमेलित है। श्रीधर ने गणित के क्षेत्र में कई महत्त्वपूर्ण योगदान किये हैं, विशेष रूप से गणितीय कृतियों में।

इस प्रकार, केवल युग्म 3 और 4 सही सुमेलित हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

89. (b)

**व्याख्याः** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि 'तिरुक्कुरल' (न कि 'शिलप्पादिकारम') ग्रंथ को तमिल बाइबिल भी कहा जाता है।

- कथन 2 सही है क्योंकि ओवैयार और नच्चेलियर संगम काल की प्रसिद्ध कवयित्रियाँ हैं।
- कथन 3 सही है क्योंकि तमिल देवता 'मुरुगन' की उपासना में 'बेलनाडन नृत्य' किया जाता था।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

90. (d)

**व्याख्याः** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि चालुक्य शासक भीम-I (न कि भीम-II) के समय 1025 ई. में महमूद गजनवी ने सोमनाथ मंदिर पर आक्रमण किया था।

कथन 2 सही नहीं है क्योंकि चालुक्य शासक भीम-II (न कि भीम-I) ने 1178-79 ई. में मोहम्मद गौरी को पराजित किया था।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

91. (d)

**व्याख्याः** चोल शासक 'राजेंद्र-I' ने गंगा का अभियान के दौरान पाल शासक 'महिपाल' को पराजित किया। इस उपलक्ष्य में वापस आकर 'गंगैकोंडचोलपुरम' नामक नगर की स्थापना की तथा 'गंगैकोंडचोल' की उपाधि धारण की।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

92. (a)

**व्याख्याः** उपर्युक्त में से केवल एक धार्मिक कर ज़कात है।

- **ज़कातः** मुस्लिमों पर धार्मिक कर
- **ज़जियाः** गैर-मुस्लिमों से उनके जीवन व संपत्ति की रक्षा हेतु लिया जाने वाला कर
- **उश्रः** मुस्लिमों से लिया जाने वाला भूमिकर
- **खराज़ः** गैर-मुस्लिमों से लिया जाने वाला भूमिकर

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

93. (a)

**व्याख्याः** उपर्युक्त में से केवल एक युग्म सही सुमेलित है।

- **सुहरावर्दी-शिहाबुद्दीनः** यह युग्म सही सुमेलित है। सुहरावर्दी संप्रदाय के संस्थापक शिहाबुद्दीन हैं।
- **फिरदौसी-ख्वाजा बाकी बिल्लाहः** यह युग्म गलत सुमेलित है। फिरदौसी संप्रदाय के संस्थापक बदरुद्दीन हैं, न कि ख्वाजा बाकी बिल्लाह।
- **नक्शबंदी-बदरुद्दीनः** यह युग्म भी गलत सुमेलित है। नक्शबंदी संप्रदाय के संस्थापक ख्वाजा बाकी बिल्लाह हैं, न कि बदरुद्दीन।

इस प्रकार केवल युग्म 1 सही सुमेलित है। **अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**

94. (b)

**व्याख्याः** मध्यकालीन ऐतिहासिक रचना 'नुस्खा-ए-दिलकुशा' के रचनाकार भीमसेन हैं। इसमें औरंगज़ेबकालीन दक्षिण भारत के इतिहास का वर्णन तथा मुगल-मराठा संघर्ष का उल्लेख है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

95. (a)

**व्याख्याः** कथन 1 सही है क्योंकि मुगल शासक शाहजहाँ ने 'हिजरी संवत' को प्रारंभ किया था।

- कथन 2 सही नहीं है क्योंकि मुगल शासक शाहजहाँ (न कि औरंगज़ेब) ने 'सिजदा प्रथा' को बंद करवाकर 'चहार तस्लीम' की प्रथा आरंभ की थी।

**अतः सही उत्तर विकल्प (a) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation

**96. (b)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि अवध राज्य की स्थापना 'सआदत खाँ बुरहान-उल-मुल्क' (न कि 'निजाम-उल-मुल्क') द्वारा की गई थी।

- कथन 2 सही है क्योंकि कर्नाटक राज्य की स्थापना 'सआदतउल्ला खाँ' ने की थी।
- कथन 3 सही नहीं है क्योंकि हैदराबाद राज्य की स्थापना 'निजाम-उल-मुल्क' (न कि 'सआदत खाँ बुरहान-उल-मुल्क') द्वारा 1724 ई. में की गई थी।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**97. (d)**

**व्याख्या:** गोंड़ जनजाति में प्रचलित 'नरबलि प्रथा' को लॉर्ड हार्डिंग के समय समाप्त किया गया था। लॉर्ड हार्डिंग ब्रिटिश भारत के गवर्नर जनरल के रूप में सेवा कर रहे थे और उन्होंने समाज में व्याप्त कुप्रथाओं को समाप्त करने के लिये कई महत्त्वपूर्ण प्रयास किये। इनमें गोंड़ जनजाति में प्रचलित मानव बलि की प्रथा को भी समाप्त करना शामिल था। यह कदम समाज में नैतिकता, मानवाधिकारों और सामाजिक सुधार की दिशा में महत्त्वपूर्ण प्रयास था, जो ब्रिटिश शासन के सांस्कृतिक एवं सामाजिक हस्तक्षेप की ओर संकेत करता है।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**98. (b)**

**व्याख्या:** उपर्युक्त में से केवल दो युग्म सही सुमेलित हैं।

- **हंटर आयोग (1882):** लॉर्ड रिपन के शासनकाल में प्राथमिक शिक्षा के प्रसार हेतु उपाय सुझाने के लिये इस आयोग की स्थापना की गई थी।
- **रैले आयोग (1902):** लॉर्ड कर्जन के शासनकाल में विश्वविद्यालयी शिक्षा के विकास हेतु सुझाव प्रस्तुत करने के लिये इस आयोग की स्थापना की गई थी।
- **सैडलर आयोग (1917):** इस आयोग की नियुक्ति कलकत्ता विश्वविद्यालय की समस्याओं के अध्ययन हेतु की गई थी।
- **हार्टोग समिति (1929):** इस समिति ने प्राथमिक शिक्षा के विकास पर ज़ोर देने का सुझाव दिया था।

इस प्रकार केवल युग्म 2 तथा 4 सही सुमेलित हैं। **अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**

**99. (d)**

**व्याख्या:** कथन 1 सही नहीं है क्योंकि कॉन्ग्रेस के नागपुर अधिवेशन में सी.आर. दास (न कि महात्मा गांधी) ने असहयोग आंदोलन से संबद्ध प्रस्ताव पेश किया था।

- कथन 2 सही नहीं है क्योंकि कॉन्ग्रेस के नागपुर अधिवेशन में (न कि कलकत्ता अधिवेशन में) प्रांतीय कॉन्ग्रेस कमेटियों को भाषायी आधार पर पुनर्गठित किया गया था।

**अतः सही उत्तर विकल्प (d) है।**

**100. (b)**

**व्याख्या:** 'भारत शासन अधिनियम, 1935' द्वारा भारत में पहली बार संघात्मक सरकार की स्थापना की गई। इस अधिनियम के अंतर्गत प्रांतीय स्तर पर द्वैध शासन को समाप्त करके केंद्र स्तर पर द्वैध शासन प्रणाली स्थापित की गई। इस अधिनियम के माध्यम से बर्मा को भारत से पृथक कर दिया गया। इस अधिनियम के तहत एक संघीय न्यायालय की स्थापना की गई।

**अतः सही उत्तर विकल्प (b) है।**


Copyright – Drishti The Vision Foundation